## एक नजर में

### प्रशिक्षण संगठन को सशक्त बनाने का आधार है : भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ . मनोज माने



**बुरहानपुर।** नेपानगर में आयोजित ष्पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत नेपानगर मंडल के उद्घाटन सत्र में भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ मनोज माने जी ने अपने विचार साझा किए ।इस अवसर पर समर्पित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन की मूल विचारधारा, कार्यपद्धति एवं राष्ट्रहित के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता पर विस्तार से चर्चा की। प्रशिक्षण केवल एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि संगठन को सशक्त बनाने का वह आधार है। जो प्रत्येक कार्यकर्ता में वैचारिक स्पष्टताए अनुशासन और सेवा भाव का संचार करता है। सशक्त कार्यकर्ता ही सशक्त संगठन की पहचान है और सशक्त संगठन ही राष्ट्र निर्माण का आधार।

### श्रमिक हित को लेकर नेपा मिल सीएमडी से मिले



**बुरहानपुर।** नेपानगर प्रवास के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ.मनोज माने जी ने श्रमिक हितों नेपा मील के सशक्त संचालन को लेकर श्रमिक संघ,नेपानगर सीएमडी श्री नरेश सिंह जी से शिष्टाचार भेंट कर सार्थक चर्चा की। नेपा मिल के सुचारू संचालन एवं महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत विचार.विमर्श हुआ। नूेपानगर मिल के सफल ट्रायल रन हेतु हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। आपने कहा कि श्रमिक हित ही हमारी प्राथमिकता, उद्योग प्रगति ही हमारा संकल्प है।

### खेत में लगी मोटरों का बिल अधिक, किसान परेशान



**नेपानगर।** इन दिनों किसानों को उनके खेत में लगी मोटरों के बिजली बिल काफी अधिक आ रहे हैं जिससे किसान खासे परेशान हैं। बुधवार को काफी संख्या में किसान एकत्रित होकर बिजली कंपनी कार्यालय नेपानगर पहुंचे। यहां उन्होंने सहायक यंत्री आरके पाटील को समस्या से अवगत कराया और ज्ञापन भी सौंपा। किसानों ने कहा कि रतागढ़, चांदनी, बोरसलए बीड़ के किसानों ने बिजली कंपनी से कनेक्शन लिया है। कनेक्शन जितने हार्स पावर का है उसी हिसाब से पिछले कईं सालों से बिजली का बिल अदा करते चले आ रहे हैं, लेकिन वर्तमान में भी हमने जो बिल भरा वह पूर्व के अनुसार ही हैए लेकिन बाद में मोबाइल पर बिल बढ़ाकर दे दिया गया। हमने जितने हार्स पॉवर का कनेक्शन लिया है उतने ही हार्स पावर की मोटर हैए लेकिन चेकिंग करने के कारण उसमें अधिक लोड बताकर बिल बढ़ाकर दे दिया गया जिसे किसान भरने में असमर्थ हैं।

**किसानों ने सहायक यंत्री को सौंपा ज्ञापनः**- इस दौरान किसानों ने सहायक यंत्री को ज्ञापन सौंपकर बिजली का बिल कम करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि सिंचाई के लिए कंपनी ने कनेक्शन लिया गया है। इसके अलावा किसान और कोई उपयोग नहीं करताए लेकिन इसके बाद भी मनमाने तरीके से बिजली के बिल दिए जा रहे हैं।

**हर साल खराब होती है फसल, बीमा का लाभ नहीं**:- हर साल किसानों की केला फसल प्राकृतिक आपदा के कारण खराब होती हैए लेकिन अब तक भी केला फसल पर बीमा का लाभ नहीं दिया गया है। किसानों का कहना है कि पहले ही हम आर्थिक रूप से परेशान हैं। जैसे तैसे फसल लगाते हैं। एक तो केला फसल पर बीमा का लाभ नहीं मिलता दूसरी तरफअब बिल अधिक आने से परेशानी हो रही है।

**यह रहे मौजूदः**- इस दौरान किसान रविंद्र पवार, सौजन्य तिवारी, सुभाष बलीराम मधुकर चौधरी,प्रभाकर नारायण, स्वप्निल जुमड़े, गणेश चौधरी, दिनेश पवार सहित काफी संख्या में किसान मौजूद थे।

### 350 किमी से अधिक पैदल धम्मयात्रा बुरहानपुर पहुंची, अकोला से जन्मभूमि महू पहुंचेगी यात्रा



**बुरहानपुर।** महाराष्ट्र के अकोला जिले से सामूहिक धम्म यात्रा अशोक वाटिका से निकाली गई है जिसकी शुरुआत 28 मार्च से 14 अप्रैल जन्म भूमि महू मैं यात्रा का समापन किया जायेगा जिसमें मुख्य रूप से यात्रा में शामिल पण्पुण्भिक्खु ज्ञानज्योती महाथेरो के सानिध्य में 350 किलोमीटर पैदल यात्रा तय की गई है ओर उनके साथ इंजिनियर राजश्री इंगले आदि साथी भी मौजूद है एओर यह हर वर्ष निकाली जाति है ओर वह महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों से होते हुए यात्रा आज बुरहानपुर जिले के इच्छापुर शाहपुर, नेर, भातखेड़ा होते हुए मोहम्मदपुर में विश्राम एवं भोजन दान कार्यक्रम किया गया जिसमें हजारों की संख्या में लोग पहुंचकर धम्मदेशना सुनने को पहुंचे इसके पश्चात गांव को भी सार्वजनी भोजन दान किया गया। जिसमे भंते ने कहा कि बुद्ध ने हमें शांति का संदेश दिया है हमें हर काम को शांतता से करना चाहिए,इसी के दरमियान महाराष्ट्र बॉर्डर से भीम आर्मी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दत्तू मेढ़े भी पैदल बुरहानपुर मोहम्मदपुर तक शामिल रहेए जिसमें आसपास के सभी ग्रामीण जन और वार्ड वाशी भी उपस्थित रहे सभी भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया,गौतम तायड़े,गोकुल तायड़े,प्रेम कोसोदे,धीरेन्द्र सोनवने,जीतू मेढ़ेए सुनील तायड़े, जितेंद्र तायड़े, बबलू इंगले,धम्म चैतना बुद्ध विहार मोहम्मदपुरा, ग्राम भातखेड़ा से निर्वाण पान पाटिल, सचिन तायडे राहुल तायडे देवानंद आठवले, कपिल तायडे, लकी पानपाटिल, ललित पान पाटिल ,पवन तायडे ,आर्यन तायडे ,आतिश तायडे ,अर्जुन तायडे आदि उपस्थित रहे।

# 10 करोड़ से बुरहानपुर और फोफनार में बनेंगे छात्रावास

**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** बुरहानपुर विधानसभा क्षेत्र को शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ी सौगात मिली है। लगभग 10 करोड़ रुपए की लागत से अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों के लिए छात्रावास भवन निर्माण की मंजूरी मिलना क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है। यह सफलता विधायक और पूर्व कैबिनेट मंत्री अर्चना चिटनिस की सक्रिय पहल और विकास के विषयों पर पैनी नजर रख उनकी स्वीकृति तक लगातार प्रयासों का परिणाम है।



इस निर्माण स्वीकृति पर चिटनिस ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं अनुसूचित जाति कल्याण विभाग मंत्री नागरसिंह चौहान का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

विधायक अर्चना चिटनिस लंबे समय से क्षेत्र के विद्यार्थियों, विशेषकर ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाले बच्चों के लिए बेहतर शिक्षा और आवासीय सुविधाओं की आवश्यकता को प्रमुखता से उठाती रही हैं। उन्होंने कई बार शासन और संबंधित विभागों के समक्ष यह मुद्दा रखा कि बुरहानपुर के अनेक प्रतिभाशाली विद्यार्थी केवल रहने की उचित व्यवस्था के अभाव में अपनी पढ़ाई बीच में ही छोड़ने को मजबूर हो जाते हैं। इस गंभीर समस्या को दूर करने के लिए उन्होंने निरंतर प्रयास किए और लगातार इस विषय को प्राथमिकता में रखा। उनकी इसी सतत पहल का परिणाम है कि अब बुरहानपुर जिले में दो महत्वपूर्ण छात्रावासों के निर्माण को मंजूरी मिल गई है।

विधायक चिटनिस ने बताया कि बुरहानपुर के फोपनार क्षेत्र में 50 सीटर अनुसूचित जाति प्री.मैट्रिक बालक छात्रावास के निर्माण के लिए लगभग 499.78 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। वहीं जिला मुख्यालय पर 50 सीटर प्री.मैट्रिक कन्या छात्रावास के लिए लगभग 500.02 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। कुल मिलाकर यह लगभग 10 करोड़ रुपए का बड़ा प्रोजेक्ट हैए जो क्षेत्र के शिक्षा ढांचे को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाएगा। इन छात्रावासों के निर्माण से विशेष रूप से उन विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा जो दूर.दराज के गांवों से शिक्षा प्राप्त करने के लिए शहर आते हैं। अब उन्हें सुरक्षित, व्यवस्थित और बेहतर आवासीय सुविधा मिलेगी, जिससे वे बिना किसी बाधा के अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित कर सकेंगे। यह पहल न केवल शिक्षा को बढ़ावा देगीए बल्कि समाज के कमजोर वर्गों को सशक्त बनाने की दिशा में भी बड़ा कदम साबित होगी।

विधायक अर्चना चिटनिस ने कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है जो समाज को आगे बढ़ाता है और बच्चों का भविष्य संवारता है। उन्होंने कहा कि उनका हमेशा से प्रयास रहा है कि बुरहानपुर का कोई भी बच्चा संसाधनों की कमी के कारण पीछे न रह जाए। इसी सोच के साथ वे लगातार शिक्षा,स्वास्थ्य और बुनियादी सुविधाओं के विकास के लिए काम कर रही हैं और आगे भी इसी तरह जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देती रहेंगी। उन्होने कहा कि छात्रावासों के निर्माण के बाद क्षेत्र के बच्चों को एक सकारात्मक और प्रेरणादायक माहौल मिलेगाए जिससे उनकी पढ़ाई में सुधार होगा और वे अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए और अधिक प्रेरित होंगे। इस महत्वपूर्ण स्वीकृति के बाद क्षेत्र में खुशी और उत्साह का माहौल है।


## आंधी-तूफान से तबाह फसलों पर किसानों को राहत दिलाने मुख्यमंत्री से मुलाकात



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** जिले में हाल ही में आए तेज आंधी-तूफान और असमय वर्षा से किसानों को हुए व्यापक नुकसान के बाद विधायक और पूर्व कैबिनेट मंत्री अर्चना चिटनिस ने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात कर उन्हें किसानों पर आई विपत्ति की वास्तविक स्थिति से अवगत कराया। प्रभावित ग्रामीण क्षेत्रों का व्यापक दौरा कर खेतों में हुए नुकसान का प्रत्यक्ष निरीक्षण करने और किसानों से संवाद करने के बाद चिटनिस ने मुख्यमंत्री को बताया कि केले, गेहूं, मक्का, दलहन- तिलहन एवं सब्जी फसलों सहित अन्य फसलें इस प्राकृतिक आपदा में बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। कई स्थानों पर तो पूरी फसल ही जमीन पर गिर गई हैए जिससे किसानों को भारी आर्थिक क्षति का सामना करना पड़ रहा है। चिटनिस ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के समक्ष मांग रखी कि नुकसान का आकलन पारदर्शीए वैज्ञानिक और वास्तविकता के आधार पर किया जाए तथा क्षतिपूर्ति प्रतिशत के आधार पर तय की जाए ताकि प्रत्येक प्रभावित किसान को न्याय मिल सके। उन्होंने यह भी आग्रह किया कि सर्वे कार्य को गति देने के लिए बहु.स्तरीय दल गठित किए जाएं और आरबीसी 4 के अंतर्गत प्रकरण तैयार कर शीघ्र मुआवजा वितरण सुनिश्चित किया जाए। अर्चना चिटनिस ने कहा कि यह संकट केवल फसल का नुकसान नहींए बल्कि किसानों की आजीविका और भविष्य पर सीधा प्रभाव डालने वाला है। ऐसे समय में संवेदनशीलता और त्वरित निर्णय अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए शीघ्र प्रभावी निर्णय लेंगे और प्रभावित किसानों को राहत प्रदान करेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि वे निरंतर शासन.प्रशासन के संपर्क में रहकर यह सुनिश्चित करेंगी कि इस प्राकृतिक आपदा में पीड़ित कोई भी किसान राहत से वंचित न रहे।

## निगम का नया भवन जल्द बनेगा, चौराहों का होगा सौंदर्यीकरण : महापौर

**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** आज नगर निगम सभागार में महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल द्वारा शहर में संचालित विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों की समीक्षा हेतु महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में संबंधित अधिकारियों को विकास कार्यों को लेकर आवश्यक दिशा.निर्देश प्रदान किए गए।



महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल ने नगर निगम के नवीन कार्यालय भवन निर्माण कार्य को प्राथमिकता देते हुए निर्देश दिए कि इसकी निविदा प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण कर कार्य तत्काल प्रारंभ करना सुनिश्चित किया जाए।

इसके अतिरिक्त शहर के प्रमुख चौराहों के सौंदर्यीकरण एवं उन्नयन पर विशेष जोर देते हुए जीजा माता चौराहा, शिकारपुर थाने के पास स्थित चौराहा, सिंधी बस्ती चौराहा एवं गणपति थाना चौराहे के उन्नयन कार्य को शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए नाला चैनलाइजेशन कार्यों की समीक्षा भी की गई। महापौर महोदया ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी नाला सुधार एवं चैनलाइजेशन कार्य वर्षा ऋतु प्रारंभ होने से पूर्व हर हाल में पूर्ण कर लिए जाएं,जिससे नागरिको को जलभराव की समस्या का सामना न करना पड़े।

महापौर ने सभी अधिकारियों को निर्धारित समयसीमा में गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करने के निर्देश देते हुए नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने पर बल दिया।

इस दौरान बैठक में महापौर माधुरी अतुल पटेल,पुर्व महापौर श्री अतुल पटेल,निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव, कार्यपालन यंत्री प्रेम कुमार साहू, सहायक आयुक्त स्वर्णिका वर्मा, सहायक आयुक्त रितेश पाटीदार, लेखा अधिकारी विक्रम पोरवाल, सहायक यंत्री अशोक पाटिल, गोपाल महाजन, कार्यालय अधीक्षक संदीप तिवारी, जन संपर्क अधिकारी हरिश मोरे , निगम सचिव संजय शाह ,गणेश पाटिल आदि उपस्थित थे।

## दंत चिकित्सा कार्यशाला आयोजित

**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** वनिता विहार मंडल द्वारा श्विश्व स्वास्थ्य दिवस एवं चैत्रगौरी हल्दी.कुमकुम का भव्य आयोजन अत्यंत उत्साह और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस दोहरे आयोजन का मुख्य उद्देश्य परंपरा के साथ.साथ स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता के रूप में प्रसिद्ध दंत विशेषज्ञ। डॉ.निमिषा कक्कड़ लाड उपस्थित थीं। संस्था की अध्यक्षा सौ.माधुरी नंदन कुलकर्णी ने पुष्पगुच्छ भेंट कर डॉक्टर निमिषा का आत्मीय स्वागत किया।



**दंत स्वास्थ्य पर मार्गदर्शन :-** डॉ. निमिषा कक्कड़ ने उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए दांतों की विभिन्न बीमारियोंए उनसे होने वाली तकलीफें और उनके सटीक उपचारों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने दैनिक जीवन में दांतों की देखभाल कैसे करें और क्या सावधानियां बरतेंए इस विषय पर सम्पूर्ण मार्गदर्शन किया।

**प्रश्न-उत्तर सत्रः-** सदस्यों के मन में स्वास्थ्य से जुड़ी कई शंकाएं थीं,जिनका निराकरण डॉ.निमिषा ने बड़ी आत्मीयता से किया। डॉ के सरल सुझावों और परामर्श से सभी सदस्य अत्यंत संतुष्ट एवं प्रसन्न नजर आए।

**अध्यक्षीय संबोधन एवं संकल्पः** - संस्था की अध्यक्षा सौ.माधुरी कुलकर्णी ने अपने संबोधन में कहा कि केवल शारीरिक स्वास्थ्य ही नहीं, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य भी आज के समय में उतना ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने घोषणा की कि भविष्य में महिलाओं के संपूर्ण स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए इस प्रकार के और भी सेमिनार आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम का कुशल संचालन नीलम श्रॉफ द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में सौ. अनुराधा मुजुमदार ने सभी अतिथियों और सदस्यों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए आभार प्रदर्शन किया। विशेषता इस आयोजन ने महिलाओं को अपनी सेहत के प्रति जागरूक करने के साथ.साथ पारंपरिक मेल.मिलाप का एक सुंदर अवसर प्रदान किया।

## 50 से ज्यादा ने करवाई स्वास्थ्य जांच



**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** मध्य भारत के सबसे बड़े मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ऑल इज़ वेल द्वारा स्टार हेल्थ इंश्योरेंस कार्यालय में एक नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया जिसमें 50 से अधिक मरीजों ने इस शिविर का लाभ उठाया। विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर आयोजित इस शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने हिस्सा लिया और अपनी स्वास्थ्य जाँच करवाई।

शिविर में ऑल इज़ वेल हॉस्पिटल के अनुभवी चिकित्सक डॉ.अकरम खान ;जनरल मेडिसिन ने अपनी सेवाएं दीं। डॉ. खान ने शिविर में आए 50 से अधिक मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और उन्हें वर्तमान मौसम में होने वाली बीमारियों तथा स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के प्रति जागरूक किया। उन्होंने मरीजों को मौसमी विकारों से बचने और खुद को सुरक्षित रखने के महत्वपूर्ण परामर्श भी दिए। शिविर के दौरान मरीजों की नि:शुल्क ईसीजी,शुगर चेकअप, ब्लड प्रेशर और जनरल हेल्थ चेकअप जैसी सुविधाएँ प्रदान की गईं। अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग और सामान्य नागरिकों तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ पहुँचाने के उद्देश्य से यह पहल की गई है। यह पूरा आयोजन ऑल इज़ वेल हॉस्पिटल के संचालक कबीर चौकसे जी के कुशल दिशा.निर्देशन में संपन्न हुआ। उनके मार्गदर्शन में अस्पताल की टीम ने व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संभाला,जिससे शिविर का लाभ लेने आए मरीजों को किसी परेशानी का सामना न करना पड़े। स्टार हेल्थ इंश्योरेंस के सहयोग से लगे शिविर की शहरवासियों ने सराहना की है।

## जल गंगा अभियान .जल स्त्रोतों के पुनर्जीवन की पहल

**नवभारत न्यूज,बुरहानपुर।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत पुराने कुएंए तालाब एवं अन्य जल संरचनाओं का जीर्णोद्धार कर उन्हें उपयोगी बनाया जा रहा है, जिससे वर्षा जल का संग्रहण बढ़े और भू.जल स्तर में वृद्धि हो सके। इसी कड़ी में जिले के नगर पालिका परिषद नेपानगर के वार्ड क्रमांक 22 में सीता नहानी के पास स्थित कुएं की सफाई का कार्य किया गया।

कुएं की सफाई से जल की गुणवत्ता में सुधार होगा तथा आसपास के नागरिकों को स्वच्छ जल उपलब्ध हो सकेगा। साथ ही यह पहल जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं जनभागीदारी को प्रोत्साहित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

## स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारियों को लेकर शैक्षणिक संस्थानों के साथ बैठक

**नवभारत न्यूज,**
**शाहपुर।** नगर परिषद शाहपुर द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2025.26 की तैयारियों को लेकर नगरीय क्षेत्र शाहपुर की शैक्षणिक संस्थानों के साथ बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य शहर में स्वच्छता को बढ़ावा देना और विद्यार्थियों तथा शिक्षकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना रहा तथा स्कूलो में सर्वेक्षण के मापदंड अनुसार स्कूल परिसर कचरे से मुक्त, विधालयो में अपशिष्ट प्रबंधन, विधालयो में आधुनिक शौचालय, विधालयो में व्यव्हार परिवर्तन कार्यक्रम, एक संस्था एक आर आर आर केंद्र आदि घटकों पर विस्तृत चर्चा की गई एवं आगामी सर्वेक्षण में बेहतर प्रदर्शन करने हेतु अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री वीरेन्द्र तिवारी द्वारा शैक्षणिक संस्थानों के अधिकारियो को शाहपुर को उच्च श्रेणी दिलाने हेतु अनुरोध किया गया !



बैठक में विभिन्न विधालयो के प्राचार्य,प्रतिनिधियों को स्वच्छता अभियान से जुड़ी गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि सर्वेक्षण में बेहतर प्रदर्शन के लिए जन. जागरूकता, कचरा प्रबंधन, प्लास्टिक मुक्त परिसर और स्वच्छता संबंधी नवाचारों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। शैक्षणिक संस्थानों से अपील की गई कि वे छात्रों के माध्यम से स्वच्छता का संदेश घर.घर तक पहुंचाएं। साथ ही, स्वच्छता रैलियां, निबंध प्रतियोगिताएं, श्रमदान और अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित करने पर भी जोर दिया गया।

नगर परिषद के अधिकारियों ने कहा कि यदि सभी शैक्षणिक संस्थान मिलकर काम करें,तो शाहपुर को स्वच्छ सर्वेक्षण में बेहतर रैंक दिलाई जा सकती है। इस अवसर पर उपाध्यक्ष प्रतिनिधि गोपाल चौधरी,अतीक अली प्राचार्य सांदीपनि स्कुल., धर्मेन्द्र देशमुख प्राचार्य कन्या उस्कुल , विजय कुमार प्राचार्य ज्ञानदिप , अफ्ज़ाल अंसारी प्राचार्य शास.उर्दू , विनोद महाजन सूर्यपुंज एजुकेशनल एकेडमी, राजेंद्र महाजन विद्यासागर पब्लिक स्कूल , मुख्य नगर पालिका अधिकारी दिलीप चौहान, नोडल अधिकारी एवं उपयंत्री राहुल चौहान, लोक निर्माण प्रभारी अभिशेख जवरे, राजू महाजन,चेतन महाजन, अलाइड सोलुशन सेरविसेस के टीम रीडर नविन परदेशी, नगर परिषद् के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

**एक नजर** श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन यात्रा बुरहानपुर पहुंची, देश के 500 शहरों में जनजागृति अभियान

## श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन प्रतिनिधिमंडल का इच्छेश्वर हनुमान मंदिर ट्रस्ट ने किया स्वागत



**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** बुरहानपुर। श्रीकृष्ण जन्म भूमि के लगभग 14 एकड़ भूमि मे से 2.50 एकड़ पर किये गए अतिक्रमण के विरुद्ध तत्काल कानूनन कार्यवाही प्रतिदिन सुनिश्चित करने हेतू और 2.55 एकड़ का अतिक्रमण हटाने हेतु प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार को जगाने और पूर्व मे किये गए कृष्ण जन्म भूमि से अतिक्रमण हटाकर भव्य श्रीकृष्ण मंदिर निर्माण हेतू संत समाज अब सड़क पर आ गया है। श्रीकृष्ण जन्म भूमि मुक्ती आंदोलन के लिए चार दिशाओ से निकली जन जागृती यात्रा दूसरे चरण मे 4 अप्रैल को पंढरपुर महाराष्ट्र से निकलकर दक्षिण का द्वार कहे जाने वाले ऐतिहासिक नगरी ब्रह्मपुर मध्यप्रदेश मे 7 अप्रैल को सायंकाल प्रवेश हुआ।

8 अप्रैल बुधवार को सुबह 11 बजे इस भव्य जन जागृति प्रतिनिधिमंडल मे पधारे सभी माताये.बहने गणमान्य जनमानस का प्राचीनकालीन चमत्कारी ईच्छेश्वर हनुमान मंदिर ट्रस्ट के सदस्यगण और पदाधिकारारियो ने स्वागत सत्कार किया और ईच्छैश्वर हनुमान जी चित्र व गीता भेंट की।

इस दौरान हेमलाल मोरे,ईश्वर महाजन, शिवकुमार पासी,आलोक मिश्रा,पवन साहू,चेतन चौहान,सन्ना महाजन,कुन्दन भगत,चेतन महाजन,मयूर तिवारी सहित भारी संख्या भक्तगण मौजुद थे।

## कृषि उपज मंडी कर्मचारी महासंघ ने किया जोरदार स्वागत



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** बुरहानपुर में बुधवार सुबह श्रीकृष्ण जन्म भूमि मुक्ति आंदोलन यात्रा पहुंची। यह यात्रा संयुक्त भारतीय धर्म संसद के राष्ट्रीय अध्यक्ष आचार्य राजेश्वर के नेतृत्व में निकाली जा रही है। इसका उद्देश्य श्रीकृष्णम महाकाव्य के माध्यम से जन जागृति अभियान चलाना है। यह अभियान देश के 500 नगरों में चलाया जा रहा है। यात्रा का पहला चरण रामेश्वरम से पंढरपुर तक पूरा हो चुका है और अब यह पंढरपुर से मथुरा के लिए आगे बढ़ रही है। इस अवसर पर आचार्य राजेश्वर ने बताया कि पिछले दो साल से मथुरा श्रीकृष्ण जन्म भूमि मुक्ति आंदोलन चल रहा है। इस दौरान देशभर में सभाएं और जन चेतना अभियान चलाए गए हैं। उन्होंने संकल्प लिया था कि चार दिशाओं से यात्राएं मथुरा पहुंचेंगी। उन्होंने बताया कि पहली यात्रा 2025 में द्वारिका से मथुरा और अक्टूबर 2025 में बद्रीधाम से मथुरा तक की गई थी। तीसरी यात्रा रामेश्वरम से मथुरा की है, जिसे दो चरणों में बांटा गया है। पहला चरण रामेश्वरम से पंढरपुर तक था और दूसरा चरण 26 अप्रैल से पंढरपुर से मथुरा तक जारी है। चौथी यात्रा जगन्नाथपुरी से मथुरा की होगी। आचार्य राजेश्वर के अनुसारए इन यात्राओं का लक्ष्य श्रीकृष्ण जन्म भूमि विवाद के बारे में जन.जन तक जानकारी पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि उनका पक्ष मजबूत है और श्रीकृष्ण जन्म भूमि पर अतिक्रमण है। इस अतिक्रमण को हटाने और वहां मंदिर निर्माण के लिए यह यात्रा निकाली जा रही है। यह यात्रा 11 अप्रैल को मथुरा पहुंचेगी। बुरहानपुर पहुंचने पर कृषि उपज मंडी में कर्मचारी महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष ठाकुर संतोष सिंह दीक्षित के नेतृत्व में यात्रा का स्वागत किया गया। इस दौरान ओमप्रकाश शर्मा, बलराज नावानी, मुकेश पूर्वे, सदानंद कापसे,मनीष गंगराड़े, उल्लास पटेल, दुर्गेश पाटिल,अविनाश श्राफ , रंजन भालेराव और महेश सिंह चौहान सहित कई लोग मौजूद थे।

